Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 17th March, 2023

Examination Pattern tip for students who are appearing in NDA CDS Examination

एनडीए की परीक्षा के लिए कैंडिडेट की उम्र 16.5 से 19.5 के बीच और सीडीएस के लिए 18 से 25 साल होनी चाहिए। दोनों ही परीक्षा के लिए एजुकेशनल क्वालिफिकेशन अलग-अलग हैं। अगर इन परीक्षाओं में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं इससे जुड़ी कई अहम बातें जान लीजिए...

एनडीए-सीडीएस परीक्षा

एग्जाम पैटर्न से ट्रेनिंग तक ये बातें ध्यान रखें

कर्नल राजेन्द्र सिंह भंडारी (रिटायर्ड)

एनडीए और सीडीएस परीक्षा का आयोजन साल में दो बार (अप्रैल और सितंबर) होता है। इसे यूपीएससी आयोजित करता है। एनडीए की परीक्षा के लिए कैंडिडेट की उम्र 16.5 से 19.5 के बीच और सीडीएस के लिए 18 से 25 साल होनी चाहिए। इसके अलावा दोनों परीक्षा के लिए एजुकेशनल क्वालिफिकेशन अलग-अलग हैं। जैसे- एनडीए के लिए 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी है। वहीं, सीडीएस एग्जाम के लिए नेवी और एयरफोर्स के लिए मांगे जाने वाले विषयों के साथ ग्रेजुएशन उत्तीर्ण होना पहली शर्त है।

एग्जाम क्वालिफिकेशन स्टैंडर्ड

एनडीए की लिखित परीक्षा के लिए न्यूनतम 40 फीसदी मार्क्स आना जरूरी है। करीब 500 कैंडिडेट्स को अगले चरण की प्रक्रिया के लिए बुलाया जाता है। वहीं, सीडीएस लिखित परीक्षा के लिए कटऑफ मार्क्स 48 फीसदी होते हैं।

स्टाफ सेलेक्शन बोर्ड

स्टाफ सेलेक्शन बोर्ड से पहले मेरिट लिस्ट के आधार पर कैंडिडेट्स को सायकोलॉजिकल एप्टिट्यूड टेस्ट, इटेलिजेंस और पर्सनैलिटी टेस्ट होना होता है। क्वालिफाइंग मार्क्स स्टाफ सेलेक्शन बोर्ड फिक्स करता है। एयर फोर्स के लिए कम्प्यूटराइज्ड पायलट सेलेक्शन सिस्टम परीक्षा को भी पास करना जरूरी है।

मेडिकल एग्जाम

एसएसबी इंटरव्यू के बाद मेडिकल एग्जाम होता है। साथ ही कैंडिडेट को फिजिकली और मेंटली फिट होना जरूरी है। किसी तरह की बीमारी नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा किसी तरह के मौसम से जुड़ी कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हालांकि, कुछ मामले उम्र और सर्विस पर निर्भर होते हैं।

एग्जाम पैटर्न

एनडीए एग्जाम में दो पेपर होते हैं। मैथ्स के पेपर-1 के लिए 2.5 घंटे मिलते हैं। यह 300 अंकों का होता है। पेपर-2 जनरल एबिलिटी टेस्ट का होता है। 600 अंकों का यह पेपर 2.5 घंटे का होता है। इसमें 200 अंकों की अंग्रेजी और 400 अंकों के जनरल नॉलेज से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। सीडीएस परीक्षा में अंग्रेजी और एलिमेंट्री मैथ्समेटिक्स के तीन पेपर होते हैं। प्रत्येक पेपर 100 अंकों का होता है। हर पेपर के लिए 2 घंटे मिलते हैं। ये उनके लिए होते हैं जो चेन्नई ओटीए के लिए आवेदन नहीं करते। चेन्नई ओटीए के लिए एलिमेंट्री मैथ्स का पेपर नहीं देना होता। दोनों परीक्षा में अंग्रेजी पेपर को छोड़ अन्य पेपर बायलिंगुअल (हिन्दी-अंग्रेजी) होते हैं। जवाब ऑब्जेक्टिव टाइप होते हैं।

मेरिट लिस्ट

एनडीए परीक्षा की फाइनल स्टेज के लिए कटऑफ मार्क्स 40 फीसदी व सीडीएस परीक्षा के लिए 63 फीसदी होते हैं। लिखित परीक्षा व एसएसबी टेस्ट के अंकों के आधार पर सफल कैंडिडेट्स की सिंगल लिस्ट जारी होती है।

एनडीए की ट्रेनिंग

पहले 2.5 साल तक सेना के तीनों हिस्सों के लिए एनडीए कैंडिडेट्स की ट्रेनिंग एक जैसी होती है। पास होने वाली सभी कैंडिडेट्स को जेएनयू दिल्ली से ये डिग्री दी जाती हैं-

आर्मी कैडेट्स: बीएससी/बीएससी (कम्प्यूटर)/बीए

नेवल कैडेट्स: बीटेक डिग्री

एयरफोर्स कैडेट्स: बीटेक डिग्री/बीएससी/बीएससी (कम्प्यूटर)

सीडीएस की ट्रेनिंग

आइएमए: आर्मी जेंटलमैन कैडेट्स को 18 महीनों की मिलिट्री ट्रेनिंग दी जाती है। ट्रेनिंग पूरी होने पर उन्हें लेफ्टिनेंट का पद दिया जाता है। यहीं आगे सेना में अधिकारी बनते हैं।

आइएनए: नेवल कैंडिडेट्स को ग्रेजुएट कैडेट स्पेशल एंट्री स्कीम कोर्स कराया जाता है और 18 महीने की ट्रेनिंग पूरी होने पर उन्हें सब-लेफ्टिनेंट की रैंक दी जाती है।

एएफए: 74 हफ्तों की ट्रेनिंग के बाद एयरफोर्स के कैंडिडेट्स सीधे फ्लाइंग फ्लाइट्स कैंडिडेट्स के तौर पर जॉइन करते हैं और फ्लाइंग ऑफिसर की रैंक मिलती है।

ओटीए चेन्नई: पुरुष और महिला कैडेट्स को 49 महीनों की ट्रेनिंग दी जाती है। इसके बाद उन्हें स्टाफ सेलेक्शन बोर्ड लेफ्टिनेंट की रैंक देता है और मद्रास यूनिवर्सिटी की तरफ से डिफेंस मैनेजमेंट एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज में पीजी डिप्लोमा की डिग्री दी जाती है।

Regards,

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)